सभी प्रकार की सरकारी सहायताओं से मुक्त, खोजी पत्रकारिता का तेज बढ़ता अखबार

दैनिक themovementofindia.in

# द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया

RNI No. RAJHIN/2012/48876
पोस्टल पंजीयन नं. भीलवाड़ा / 2025-2027

खोजी खबरें-तेज नजरें

प्रेरणा स्रोत - स्व. चुन्नीलाल सालवी

ये अखबार ही नहीं क्रांति का अभियान है। मानवत्ता एवं लोकतंत्र का सजग प्रहरी, ये दुष्टों की मौत का सामान है।

वर्ष - 13 अंक -362 | 05 जून 2025,गुरुवार | संपादक - दयाराम दिव्य | सहसंपादक - चाहत सालवी | मूल्य - 2 रू.

## विधायक बोले- प्रकृति से सामंजस्य का भूमि पूजन किया:पर्यावरण दिवस पर महात्मा गांधी वन का विस्तार

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

जिला सतत विकास, हरियाली और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में गुरुवार को पटेल नगर विस्तार योजना के अंतर्गत विकसित होने वाले महात्मा गांधी नगर वन तथा मानसरोवर झील के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन समारोह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्पन्न हुआ।

राज्य बजट वर्ष 2024-25 में मानसरोवर झील सौंदर्यीकरण (?20 करोड़), महात्मा गांधी नगर वन विकास कार्य ( 15 करोड़) के लिए दोनों प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए थे। डीएमएफटी मद से स्वीकृत दोनों प्रोजेक्ट्स जिले की हरित पहचान को और सशक्त बनाएंगी।

गांधी नगर वन बनेगा ऑक्सीजन पार्क-लगेंगे 90 हजार पौधे

महात्मा गांधी नगर वन को ऑक्सीजन पार्क के रूप में



विकसित किया जाएगा जिसमें लगभग 90,000 पेड़-पौधों का रोपण प्रस्तावित है। यह पार्क योग स्थल, वॉकिंग ट्रैक, औषधीय पौधों का बगीचा, जल संरक्षण संरचनाएं तथा बच्चों के मनोरंजन क्षेत्र से सुसज्जित होगा।

**भीलवाड़ा को मिलेगा स्वच्छ,सुंदर वातावरण**

इस अवसर पर विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि आज हम न केवल विकास का, बल्कि प्रकृति से सामंजस्य का भूमि पूजन कर रहे हैं। मानसरोवर झील और नगर वन,ये दोनों परियोजनाएं न सिर्फ हरियाली बढ़ाएंगी, बल्कि भीलवाड़ा को एक नया, स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण देंगी। मैं इसके लिए सीएम व नगर विकास न्यास का धन्यवाद करता हूं। यह स्थान ऐसा होगा कि जो भी परिसर में प्रवेश करेगा, वह खुद को प्रकृति की गोद में अनुभव करेगा। महात्मा गांधी नगर वन परियोजना पर आज से काम शुरू

यूआईटी सचिव ललित गोयल ने बताया कि शहरीकरण के दौर में बढ़ता प्रदूषण और बदलती जीवनशैली को देखते हुए, जनता को शुद्ध पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक हो गया है। पटेल नगर विस्तार योजना के अंतर्गत 40 बीघा भूमि पर महात्मा गांधी नगर वन परियोजना इसी सोच का परिणाम है। कार्य का आदेश जारी कर आज से इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इस दौरान अतिथियों ने भूमि पूजन के पश्चात वृक्षारोपण भी किया।



**ये चंगू मंगू कौन है!** चोर लुच्छे लपंगे या डोन है। क्या ये रंगे बिल्ले है।। इनके कर्म जबर हठीले है।।ये हमारी समझ से बहार है,,,ये कानून से उपर है!माफिया या मौत के सौदागर है।।बताओ तो कोई ?क्या इनका काला कारोबार है।।सिर्फ पैसो के लिए ही तो करते खेला है। हलाली दलाली कलाली अब व्यापार का नया मॉडल हो चला है।राजनिति उसका बल है।।भाड मे जाये बीजेपी कांग्रेस।कुंऐ मे पडे लोकतंत्र और देश।।दुकाने मिलावट की खोलते है।आओ लोगो मे जहर घोलते है।। कहे कवि दीनदयाला ये चंगु मंगू युं ही बदनाम है,,,,आजकल बगल मे छुर्री मुंह पे राम है।। पर देश संविधान सत्यमेव जयते से चलता है। धर्म नीति जिंदा है,हरामियो का वक्त पर कचुमर निकलता है।। – **दयाराम दिव्य**

## सरकारी स्कूल टीचर के साथ मारपीट के 2 आरोपी गिरफ्तार



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा की मंगरोप थाना पुलिस ने सरकारी स्कूल की टीचर के साथ मारपीट करने के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों पिछले 9 महीने तक फरार चल रहे थे। मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया- 23 सितंबर को पीड़िता स्कूल टीचर ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें उसने बताया कि वो मंगरोप की सरकारी स्कूल में टीचर है और उसके साथ स्कूल में आकर कुछ लोगों ने बदतमीजी और मारपीट की। स्कूल टीचर की इस पर रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**इनको किया गिरफ्तार** – पुलिस ने मारपीट के आरोपी किशन प्रजापत (35) पिता नंदलाल प्रजापत निवासी मंगरोप ओम प्रकाश (22 ) पुत्र नाथूलाल गाडरी निवासी मंगरोप को गिरफ्तार किया है।

**ये थे टीम में शामिल** – दोनों आरोपी को पकड़ने गई टीम में मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा, कॉन्स्टेबल दिलीप, कृष्ण, भगवान और राकेश शामिल रहे ।

## उदयपुर में गुजरात के बिजनेसमैन सहित 2 की मौत

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

उदयपुर में गुरुवार सुबह हुए एक्सीडेंट में नडियाद (गुजरात) के एक बिजनेसमैन सहित 2 लोगों की मौत हो गई। हादसा उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर सुबह साढ़े पांच बजे हुआ। पुलिस के अनुसार बिजनेसमैन ओमप्रकाश मूंदड़ा (70) पत्नी के साथ चित्तौड़गढ़ की ओर आ रहे थे। टीडी-बारापाल के पास उनकी कार ट्रक में घुस गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह खत्म हो गया। घायलों को मुश्किल से बाहर निकाला गया।

**2 लोगों की मौके पर ही मौत**

सीआई दिलीप सिंह ने बताया नडियाद के बर्तन व्यापारी ओमप्रकाश मूंदड़ा और उनके ड्राइवर की दीपक की मौके पर ही



मौत हो गई। ओमप्रकाश मूलरुप से राजसमंद के रहने वाले थे। एक्सीडेंट में कार की पिछली सीट पर बैठी बिजनेसमैन की पत्नी घायल हो गई।

हालांकि, उनकी हालत ठीक है। हादसा गोवर्धन विलास थाने का है। पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला पुलिस टीम ने मौके पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। वहीं, ट्रक को जब्त कर लिया गया है। बिजनेसमैन की पत्नी कैलाश देवी से पुलिस ने परिवार की जानकारी ली। इसके बाद उदयपुर में रहने वाले उनके दामाद पंकज तोषनीवाल व उनकी बेटी को मौके पर बुलाया। पंकज ने बताया कि सास-ससुर चित्तौड़गढ़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

## भीलवाड़ा में सैकड़ों टन पत्थरों में दबे 2 युवक, मौत:200 फीट गहरी खान में गिरे थे



**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

भीलवाड़ा में अवैध खनन में गिरे दो युवकों की मौत हो गई है। करीब 9 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गुरुवार सुबह उनकी बॉडी बाहर निकाली गई। हादसा बुधवार शाम 6 बजे जिले के बागोर इलाके के अवैध फेल्सपार और क्वार्टज मिनरल की खान में हुआ। दोनों युवक करीब 150 फीट की गहराई में सैकड़ों टन पत्थर-मिट्टी के नीचे दब गए थे। पुलिस के अनुसार ये अवैध खान दादिया गांव के निकट चारागाह भूमि पर है। बुधवार शाम को भी यहां अवैध माइनिंग हो रही थी। अचानक ही पत्थर और मिट्ी ढह गई। इसमें पुरोहितों का खेड़ा निवासी उदयराम भील (25) और बाजिया खेड़ा में रहने वाला राजकुमार जाट (26) इसमें दब गए। हादसे की सूचना पुलिस को शाम 6 बजे मिली। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पहला शव आज सुबह करीब 6 बजे निकाला गया। दूसरा शव सुबह लगभग 9 बजे निकाला गया। यह खदान करीब 150 से 200 फीट गहरी बताई जा रही है और पिछले लंबे समय से अवैध रूप से संचालित की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद मजदूर और खान संचालक ने इनको निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## श्मशान में 4 डॉक्टरों ने गड्ढे में उतरकर किया पोस्टमॉर्टम

**द मूवमेंट ऑफ इंडिया**

पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ देखा तो उसकी हत्या कर दी गई। पत्नी ने परिवार को बताया कि पति ने सुसाइड कर लिया है। परिजन ने अंतिम संस्कार कर शव दफना दिया। शक के आधार पर पत्नी से अंतिम संस्कार के 2 दिन बाद पूछताछ की गई तो उसने बताया-पति ने प्रेमी के साथ देख लिया था। बहस हुई तो प्रेमी ने लाठी मारकर हत्या की और फंदे पर लटका दिया।

गुरुवार 5 जून को युवक के परिजन की मांग पर श्मशान में दफ्न शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। मेडिकल बोर्ड के 4 डॉक्टर गड्?ढे में उतरे और 10 दिन पुरानी लाश का वहीं पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद गड्?ढे को दोबारा ढक दिया गया। मामला जालोर जिले के बागोड़ा थाना इलाके के बागोड़ा गांव का है। घटना 25 मई रविवार की रात हुई थी। 25 मई की रात नरसाराम (45) ने अपनी पत्नी माफी (25) को उसके प्रेमी सांवलराम के साथ देख लिया था। उसी रात माफी और सांवलराम ने मिलकर नरसाराम का मर्डर कर दिया। सांवलराम ने सिर में लाठी से वार किया और जहर खिलाया। इसके बाद फंदे पर लटका दिया था और परिवार को आत्महत्या करने की बात कही थी। नरसाराम के परिजन ने प्रशासन से दफ्न शव निकलवा कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की मांग की थी। इस पर कलेक्टर डॉ. प्रदीप के गवांडे के आदेश पर गुरुवार सुबह 10 बजे को एसडीएम हरिसिंह की मौजूदगी में बागोड़ा के श्मशान में जमीन खोदकर शव निकाला गया।



मेडिकल टीम के विशेषज्ञ 4 डॉक्टरों की टीम ने वहीं गड्?ढे में ही पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शव को दोबारा दफ्न कर दिया गया। घटना को 10 दिन होने के कारण शव बुरी तरह सड़ गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

थाना इंचार्ज हुकमाराम ने बताया-रिपोर्ट में हत्या साबित होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के दौरान पुलिस जाप्ता, परिजन और सरपंच प्रतिनिधि मदनसिंह सहित गांव के लोग मौजूद रहे। बागोड़ा थाना इंचार्ज हुकमाराम ने बताया-बागोड़ा निवासी नरसाराम की शादी 2019 में सायला थाना के आलवाड़ा गांव निवासी माफी देवी से हुई थी। दोनों के दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी 4 साल की और छोटी बेटी डेढ़ साल की है। माफी देवी का अफेयर 5-6 साल से जालोर के सायला थाना इलाके के गांव सियावट निवासी सांवलाराम पुत्र जैसाराम मेघवाल से चल रहा था।

C M Y K

## सम्पादकीय

### भारत को खुद कहनी होगी अपनी कहानी

आपरेशन सिंदूर की समाप्ति के बाद कुहासे के बादल छट गए हैं। देश-विदेश के तमाम रक्षा विशेषज्ञ और उपग्रहों द्वारा लिए गए चित्रों से पुष्टि हुई कि यह संघर्ष पूरी तरह एकतरफा था और पाकिस्तान को बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी। इस सैन्य संघर्ष में दुनिया ने भारत के स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों की बेजोड़ क्षमताओं का लोहा भी माना। राजनीतिक इच्छाशक्ति, सैन्य शौर्य और रक्षा क्षेत्र की उद्यमशीलता ने आशा से अधिक प्रभावित किया है, परंतु इस कठिन समय में जो एक कमी खली, वह थी सूचना क्षेत्र में भारत की ढिलाई। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आपरेशन सिंदूर की बयानगी को लेकर न सिर्फ भारतीय चिंताओं की अनदेखी हुई, बल्कि पाकिस्तानी दावों को बिना जांचे-परखे आगे बढ़ाया गया। न्यूयार्क टाइम्स, सीएनएन, वालस्ट्रीट जर्नल, निक्केई एशिया, ब्लूमबर्ग आदि में भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव की ज्यादातर रिपोर्टिंग पाकिस्तानी पत्रकारों द्वारा की गई। समाचार एजेंसी रायटर्स ने तो एक ऐसे गुमनाम पाकिस्तानी लेखक सईद शाह के तीन लेख प्रकाशित किए, जो उस दौरान ही कार्यरत रहा। ये पाकिस्तानी पत्रकार केवल पाकिस्तान का झूठा प्रोपेगंडा ही आगे बढ़ाते रहे। कई पश्चिमी मीडिया माध्यम जाने-अनजाने उनसे प्रभावित भी होते रहे। हालांकि बाद में न्यूयार्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट आदि ने भारतीय दावों की पुष्टि की और इस संघर्ष को भारत की जीत बताया, परंतु युद्ध के दौरान जब मीडिया रिपोर्टिंग देशों के मनोबल और जनमत को प्रभावित करने की क्षमता रखती है, तब पहले चलाए गए झूठे प्रोपेगंडा की बाद में परिशुद्धि संभव नहीं हो पाती। यह पहली बार नहीं, जब अंतरराष्ट्रीय और खासकर पश्चिमी मीडिया ने भारत के प्रति पूर्वाग्रह दिखाया हो। भारत दशकों से आतंक की मार झेलता रहा है, लेकिन पश्चिमी मीडिया को 'वार आन ग्लोबल टेरर' की याद 9/11 के बाद ही आई। भारत में चल रहे आतंकवाद को वह अब भी कश्मीर विवाद से जोड़कर या फिर भारत में ÷बढ़ते उग्र राष्ट्रवाद÷ की प्रतिक्रिया के रूप में ही देखता है। भाषा, संप्रदाय की दृष्टि से विविधता भरे देश में इतना सफल जनतंत्र होने के बावजूद भारतीय लोकतंत्र पर अनर्गल टिप्पणियां होती रहती हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में सफलता मिलने पर भारत को उलाहने मिलते हैं और यहां की समस्याओं को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है। यह कथानक भेद का ही परिणाम है कि ओसामा का मारा जाना सकारात्मक समाचार बनता है, पर आतंकी निज्जर की मौत और पन्नू की जान को कथित खतरे पर भारत सरकार को घेरने का प्रयास होता है। पश्चिमी सरकारों और पाश्चात्य मीडिया में सांस्कृतिक और धार्मिक भिन्नता के कारण भारत के प्रति वह संवेदनशीलता नहीं, जो सामान्यतः दिखनी चाहिए। एक उभरती आर्थिक और सैन्य शक्ति होने के कारण भी पश्चिमी दृष्टिकोण में भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव झलकता है। इस सबके बावजूद भारत केवल पश्चिम के असत्य और पूर्वाग्रहों का उल्लेख भर करके चुप नहीं रह सकता। अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव के मध्य भारत को न सिर्फ अपना अपना कथानक, अपनी कहानी स्वयं कहनी-बनानी होगी, बल्कि उसे वैश्विक समस्याओं पर अपने दृष्टिकोण से दुनिया को भलीभांति परिचित भी कराना होगा। इसके लिए पश्चिमी मीडिया में स्थान तलाशने के अलावा भारतीयों को स्वतंत्र छवि वाले ऐसे विश्वसनीय मीडिया मंच तैयार करने होंगे, जो भारतीय परिदृश्य में घटनाओं को देखते हुए भारतीय परिप्रेक्ष्य में उनकी समीक्षा कर सकें। यह दायित्व सरकारी न होकर भारत के ऐसे प्रबुद्ध पत्रकार-विचारक वर्ग को उठाना होगा, जिसका मानस पश्चिमी या चीनी परतंत्रता से मुक्त हो। इसका वित्तीय प्रबंध उन निवेशकों को करना होगा, जो निवेश पर प्रतिफल के बजाय इस प्रयोजन के महत्व से प्रेरित हों। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक देश के तौर पर हमारी मनःस्थिति में परिवर्तन आए। दीर्घकालिक विदेशी उपनिवेशवाद ने आमजन के साथ-साथ भारत के प्रबुद्ध वर्ग को भी आत्मसंशय और संकोच से भर दिया है और वह न केवल अपने देसी खोल में सिमटकर रह गया है, बल्कि पाश्चात्य विश्वदृष्टि के पराधीन भी हो गया है। एक महाशक्ति के रूप में उभरते भारत को अंतर्मुखी स्वभाव से निकलकर पूरे विश्व को अपना सरोकार बनाना होगा। मीडिया के अलावा इसी प्रत्याशा हेतु थिंक टैंक, शोध संस्थान, पर्यवेक्षी निकाय एवं उच्च शिक्षण संस्थान भी बनाने होंगे। इनके द्वारा वैश्विक विषयों पर टिप्पणियों के अलावा लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, आर्थिक प्रगति, सामाजिक सहिष्णुता जैसे मानकों पर पश्चिमी देशों की समीक्षा भी करनी होगी। इसी के साथ सिनेमा, सीरियल और साहित्य जैसी विधाओं को भी अपना दृष्टिकोण वैश्विक करना होगा। कुछ और बिंदुओं पर सरकार को भी ध्यान देना होगा। आपरेशन सिंदूर के बाद सरकार ने भारतीय पक्ष समझाने को विदेश में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की जो पहल की, वह समय-समय पर करनी होगी। राजनयिकों के अलावा नेताओं और बुद्धिजीवियों के स्तर पर भी आतंकवाद जैसे गंभीर विषयों पर भारत का विश्व से संवाद एक निरंतर प्रक्रिया होनी चाहिए और ऐसे संभाषणों के लिए संस्थागत प्रयास भी होने चाहिए। भारत के विरुद्ध कुप्रचार को हवा मिलने का बड़ा कारण संवाद की कमी और संवाद में देरी भी रहती है।



**प्रधान संपादक - दयाराम दिव्य**

## रक्तदान व नेत्र जांच लेंस प्रत्यारोपण शिविर का पोस्टर विमोचन किया

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया**



**भीलवाड़ा ( बलराम वैष्णव )**- सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में मोचड़िया का मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर व निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 21 जून शनिवार को किया जाएगा, जिसको लेकर आज बुधवार को पोस्टर विमोचन किया गया । समाजसेवक सांवरमल जाट ने बताया कि आगामी 21 जून शनिवार को मोचड़िया का मंड देवनारायण मंदिर प्रांगण में श्री चारभुजा सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी बन का खेड़ा तथा सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा, गोमाबाई नेत्रालय भीलवाड़ा के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर तथा विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा । आज बुधवार को देवनारायण मंदिर पर शिविर के पोस्टर का विमाचन किया गया । इस दौरान संस्थान के सचिव गोपाल विजयवर्गीय, भंवर जाट, कैलाश जाट, सांवरमल वैष्णव, देवीलाल जाट, कन्हैयालाल प्रजापत, कैलाश भदाला, राजेश जाट, बनवारी धोबी सहित आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे ।।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया**



**राजेन्द्र खटीक शाहपुरा!**

शाहपुरा !राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आज हरित पर्यावरण संवर्धन संस्थान के सहयोग से नीम के दो पौधे लगाए गए और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही कई विशिष्ट जल उपस्थित थे इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत विद्यालय के संस्था प्रधान देवी लाल बेरवा डीएमएफटी के पूर्व सदस्य राजकुमार बेरवा ,मीरा बेरवा, इंदिरा बेरवा अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष सुरेश चंद्र घूसर प्रबोधक संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सौदा, पुष्पेंद्र कुमार घूसर , अंशुल बेरवा, सत्यनारायण खटीक, आशीष कुम्हार किशन कहार ,भोजराज कहार, राहुल कहार, विकुनत बिरला, आनंद लड्ढा, आदित्य बेली, आकांक्षु तोषनीवाल, कनिष्क बोहरा, देवांश तोषनीवाल, जोनित महेश्वरी आदि उपस्थित थे विद्यालय के संस्था प्रधान देवी लाल बेरवा ने बताया कि सभी के सहयोग से कुंड गेट विद्यालय जिले के हरित पाठशालाओं में सबसे अग्रणी है आगामी मानसून सत्र में विद्यालय में 200 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाकर विद्यालय को पूर्ण रूप से हरा भरा बनाने का प्रयास किया जाएगा और आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में यहां उपस्थित सभी लोगों ने अपने घर पर और कार्यस्थल पर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया और यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया**




**भीलवाड़ा** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल, भीलवाड़ा में पर्यावरण संरक्षण विषयक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री दामोदर अग्रवाल एवं शहर विधायक श्री अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, उपवन संरक्षक गौरव गर्ग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल, जनप्रतिनिधि श्री आजाद शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत व दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इसके उपरांत आरएसपीसीबी भीलवाड़ा द्वारा पर्यावरण विषय पर एक लघु डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गई। एसबीएस संस्था, जयपुर द्वारा 'पर्यावरण के प्रहरी' शीर्षक से एक प्रेरणादायक नाटक मंचित किया गया, जिसमें एसबीएस संस्थान से अध्यक्ष मनोज कुमार योगी, दीपक शर्मा, दीनदयाल शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, कुलदीप ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और उसके दुष्परिणामों को दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से नागरिकों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक को दैनिक जीवन से पूरी तरह दूर रखने का आह्वान किया गया।

ग्रामीण भारत में ठोस एवं द्रव अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त, श्री हरीश चंद द्वारा निर्मित लघु फिल्म ÷प्रकृति की पुकार÷ का प्रदर्शन भी किया गया। सीएसआईआर-सीरी, डीएसटी, भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक श्री बृजेन्द्र कुमार वर्मा ने ÷प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग÷ पर प्रस्तुति दी। वहीं, स्थानीय निवासियों द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने जनसहभागिता की मिसाल प्रस्तुत की। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने पर्यावरण संरक्षण में जन-भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए नागरिकों से सतत प्रयास की अपील की।

कार्यक्रम के समापन पर जिला कलक्टर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाले एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त कार्यालय की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी उपस्थितों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## भाविप शाखा भोजरास द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन

**द मूवमेंट ऑफ़ इंडिया**




भारत विकास परिषद शाखा भोजरास द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शाखा द्वारा भोजरास गांव के मुख्य मार्गो पर पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन शाखा पर्यावरण संयोजक राजू लाल जाट के सानिध्य में किया गया। परिषद सदस्यों के साथ-साथ मात्र शक्तियों ने भी पर्यावरण जागरूकता रैली में सहयोग प्रदान किया। रैली में पर्यावरण संरक्षण हेतु स्लोगन का उच्चारण करते हुए सभी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। जल संरक्षण, वायु प्रदूषण, वृक्षारोपण,प्लास्टिक मुक्त भारत, कपड़े की थैली का ज्यादातर उपयोग आदि विषय रैली का हिस्सा रहे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भंवर लाल टेलर, शाखा सेवा संयोजक अशोक अजमेरा, दुर्गा प्रसाद मालपानी, सतीश मालपानी व शाखा महिला संयोजक कल्पना मालपानी, शाखा महिला सहभागिता संयोजक कैलाश देवी टेलर, रेखा देवी अजमेरा, टीना मालपानी आदि परिषद सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पर्यावरण दिवस - एनसीसी सीएटीसी शिविर में रक्तदान शिविर आयोजन, 40 यूनिट रक्त संग्रहित

द मूवमेंट ऑफ इंडिया





**भीलवाडा।** शहर के शास्त्री नगर स्थित पांच राज स्वतंत्र कंपनी एनसीसी यूनिट में 1 जून से 10 जून तक दस दिवसीय सीएटीसी 3 कम आईडीएसएससी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल एस एस राठौड़ ने बताया की सीएटीसी शिविर में एनसीसी के लगभग 500 से अधिक कैडेट भाग ले रहे हैं, तथा आईडीएसएससी शूटिंग ट्रेनिंग में उदयपुर ग्रुप के श्रेष्ठ कैडेट भागे ले रहे है। पर्यावरण दिवस पर शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट ने बढ़चढकर भाग लिया तथा लगभग 40 यूनिट रक्तदान किया। इसी श्रृंखला में कैडेट ने पौधारोपण करके हरियाली का संदेश दिया। शिविर में सूबेदार प्रेमनाथ, सूबेदार विनोद कुमार, सीएचएम सुशील, जेसीओ, एनसीओ, एनसीसी शिविर में एएनओ लेफ्टीनेंट राजकुमार जैन, लेफ्टीनेंट संजय गोदारा, युधिस्ठिर कुमावत, राजकुमार प्रजापत, नारायण सिंह, सत्यनारायण धाकड़, शक्ति सिंह, ओम प्रकाश, मोना राठौड़, अनिमा टेटे, निधि जैन आदि अपनी सेवाए दे रहे है।

# पर्यावरण दिवस पर हरनी महादेव नर्सरी मे किया कपड़े के थैलों का वितरण और पीपल रोपित



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज हरनी महादेव नर्सरी में पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू, उद्योगपति प्रकाश छाबड़ा, बनवारी लाल साहू और शंकर लाल जाट ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कपड़े के थैलों का वितरण किया और 24 घंटे प्राणवायु देने वाले पीपल का पौधा लगाया। नर्सरी प्रभारी कांता कंवर चौहान ने बताया कि जाजू ने श्यामू कुमारी जाट, सावित्री कुमारी, पप्पू लाल भील, सजना गाडरी, कपीला गाडरी, नारायणी देवी, विद्या मीणा, किशोरी बाई को कपड़े के थैले वितरित किए गए। साथ ही नर्सरी परिसर में ही पीपल के पौधे रोपित किए। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और अधिक से अधिक पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था।

# भीलवाड़ा साईकल क्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली साईकल रैली

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



**भीलवाडा। (पंकज पोरवाल)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन में पर्यावरण के प्रति सबकी जिम्मेदारी का अहसास कराने, प्रदूषण से बचाने, उत्तम स्वास्थ बनाए रखने और दैनिक जीवन के छोटे छोटे कार्यों हेतु वाहन की बजाय साईकल चलाये जाने को प्रेरित करने हेतु भीलवाड़ा साईकल क्लब द्वारा शहर में साईकल रैली निकाली गई। क्लब के प्रभारी अरुण सन्तोष मुछाल ने बताया कि यह रैली स्टेशन चौराहे से सुबह 7 बजे जिला वन अधिकारी गौरव गर्ग, जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी दीपक धनेतवाल द्वारा हरी झंडी के साथ प्रारंभ होकर गोलप्याऊ चौराहा, सुभाष मार्केट, महाराणा टॉकीज चौराहा, माणिक्य नगर, नेहरू रोड, बस स्टैंड, हरिशेवा धर्मशाला रोड़ होते हुए सूचना केंद्र पर सम्पन्न हुई। रैली के समापन पर क्लब संयोजक तिलोकचंद छाबड़ा और जिला खेल अधिकारी हेमेंद्रसिंह राणावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक का कर्तव्य नहीं बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भीलवाड़ा के साइकिल मैन के नाम से प्रसिद्ध मुकेश कुमावत द्वारा 3 दिन में 650 किलोमीटर साइकिल चलाते हुए भीलवाड़ा से माउंट आबू एवं माउंट आबू से भीलवाड़ा तक का सफर कर रैली में पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। रैली के दौरान प्राकृतिक कुल्हड़ ग्रुप के भूपेन्द्र मोगरा द्वारा प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग बंद कर कपड़े के थैलों को बढ़ावा देने हेतु कपड़े के थैले वितरित किए गए। रैली में छोटे छोटे बच्चों सहित कई अस्सी वर्ष के बुजुर्गों ने भी साइकिल चलाई। रैली के दौरान वृक्ष लगाओ - पर्यावरण बचाओ, ष्साइकिल चलाओ-पर्यावरण बचाओ के नारे लगाते हुए आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रैली में मदन खटोड़, राकेश सक्सेना, सुरेश बंब, राजकुमार अजमेरा, रामचंद्र मूंदड़ा, हेमेंद्र कौशिक, हरीश माहेश्वरी, श्याम पारीक, दिनेश भट्ट, हस्तीमल भलावत, बीडी करवा, आशुतोष आचार्य, सतीश अग्रवाल, गिरिराज प्रजापति, अमित पुरोहित, अशोक पेशवानी, अजीत जैन, लीलाराम आडवाणी, सत्यनारायण राठी, सौरभ मानसिंहका, शिवनारायण ईनाणी, प्रतीक ईनाणी, मनोहर डुमोलिया, दिनेश पीपाड़ा, जनमेजयदेव सिंह खंगारोत, प्रदीप विजयवर्गीय, महेश के सिंह, श्वेता दाधीच, शिल्पा बाहेती, कृतिका सोमावत, जितेंद्र सिंह, रोहित सिंह, मांगीलाल सूत्रकार, रक्षित सूत्रकार, केशव कुमार मूंदड़ा, संजीवनी विजय, रघुबीर कुमावत, महेश टांक, दुर्गालाल सोनी, कृष्णा मीणा, अग्रिम अग्रवाल, नव्या सेन, काव्या सेन, दिशिका सेवरिया, कुलदीप सेन, प्रिंस मीणा, अनिरुद्ध गर्ग, चेतना राणा, मोनू यादव, सोनू यादव, जय, करण मीणा, अंकित, कालू सोनी, आदि सहित वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, जिंदल ग्रुप आदि के कई स्टॉफ सदस्य शामिल थे।

# स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुनीता शर्मा ने बताए एनसीसी केडेटस को स्वस्थ रहने के नुस्खे

द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाडा।** शहर में वन विभाग के सामने स्थित एनसीसी भवन मंगलवार को हजारों केडेट्स के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुनीता शर्मा ने घरेलू मसालों के औषधीय गुणों और उनसे स्वस्थ रहने के तरीकों पर कार्यशाला रखी। शर्मा ने फीमेल केडेटस को स्त्री रोगों के बारे में बताकर उनके निदान के बारे में भी जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि घरेलु मसाले, जैसे हल्दी, अदरक, लहसुन, मेथी, जीरा और काली मिर्च, केवल भोजन का स्वाद ही नहीं बढ़ाते, बल्कि सदियों से आयुर्वेद और लोक चिकित्सा में शक्तिशाली औषधि के रूप में भी उपयोग किए जाते रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से हल्दी के एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों पर जोर दिया, यह बताते हुए कि कैसे इसका नियमित सेवन शरीर को कई बीमारियों से बचा सकता है। अदरक और लहसुन के सर्दी-जुकाम और पाचन संबंधी समस्याओं में लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शर्मा ने छात्रों को मेथी दाना के मधुमेह नियंत्रण और कोलेस्ट्रॉल कम करने की क्षमता के बारे में बताया, साथ ही जीरा और काली मिर्च के पाचन और चयापचय में सुधार करने वाले गुणों पर भी प्रकाश डाला। इस सत्र का मुख्य आकर्षण घरेलू उपचारों का व्यावहारिक प्रदर्शन था। शर्मा ने छात्रों को दिखाया कि कैसे हल्दी वाला दूध, अदरक-लहसुन का काढ़ा और मेथी पानी जैसी चीजें आसानी से घर पर तैयार की जा सकती हैं और इनका सेवन दैनिक स्वास्थ्य में कैसे लाभकारी हो सकता है। अंत में एनसीसी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने सुनीता शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू हुआ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

द मूवमेंट ऑफ इंडिया





**भीलवाडा। (पंकज पोरवाल)** गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस जैसे पुण्य अवसर पर जब संस्कृति और प्रकृति का संगम हो, तब कोई भी पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं रह जाती, वह जन चेतना का आंदोलन बन जाती है। इसी सोच को साकार रूप देते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से 5 जून से पूरे राजस्थान में ÷वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान÷ की शुरुआत की गई है। जिले में इस अभियान के अंतर्गत मेजा बांध स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना, गंगाजी को चुनरी अर्पण, कलश यात्रा और जन सहभागिता के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम सांसद, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, प्रभारी सचिव राजन विशाल, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की मौजूदगी में हुआ। यह अभियान 20 जून तक जिलेभर में जल संचयन, भूजल स्तर बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करेगा। प्रभारी सचिव श्री राजन विशाल ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ÷जलवायु परिवर्तन हमारे जीवन पर सीधा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में 'हरियालों राजस्थान' अभियान के तहत पौधरोपण और जन सहयोग जरूरी है। पोखर, नदी, तालाब जैसे जल स्रोत आधुनिक भारत के मंदिर हैं, इनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।÷ भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कहा, ÷जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हमें जल संग्रहण पर ध्यान देना चाहिए, साथ ही चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण पर भी समान रूप से फोकस करना चाहिए। जब तक हम हर स्तर पर जल को सहेजने के प्रयास नहीं करेंगे, तब तक भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा।÷ मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने गंगा दशहरा की शुभकामनाएं दीं और सभी से अपील की कि वे अधिकाधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कहा, ÷पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी तरीका है पेड़ लगाना और उन्हें पालना। जनभागीदारी से ही हम हरियाली और जल की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।÷ इससे पूर्व सभी अतिथियों ने मेजा बांध स्थल पर पौधारोपण व श्रमदान किया।

कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी श्रीमती प्रतिभा देवठिया, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता सोजी सिंह प्रतिहार, मेजा सरपंच छोटूसिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहें।



# शाहपुरा में भगवान महेश की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकली, सम्मान समारोह हुआ आयोजित

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



**शाहपुरा ।** माहेश्वरी समाज के 6 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के कार्यक्रम में अंतिम दिन बुधवार को भगवान महेश की शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई जो माहेश्वरी पंचायत भवन से शुरू होकर सदर बाजार बालाजी छतरी बद्री का चौक एजेंसी मोहल्ला सिंचाई विभाग रोड कोठार मोहल्ला नया बाजार होती हुई पुनः माहेश्वरी पंचायत भवन जाकर संपन्न हुई । शोभा यात्रा के मार्ग में स्थान स्थान पर नगर वासियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत एव शोभा यात्रा में माहेश्वरी बंधुओ ने स्थान स्थान पर पेयजल आइसक्रीम देकर सभी का सम्मान स्वागत किया बालाजी की छतरी परिसर मे महिला मंडल द्वारा भी पेयजल वितरण किया गया । शोभा यात्रा में पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिला मंडल द्वारा रानी कलर की साड़ी पहने हुए थे। शोभा यात्रा में युवा संगठन ने लॉटरी के इनाम कूपन वितरण किए । इनाम कूपन माहेश्वरी भवन में लॉटरी से 35 कूपन निकाले गये जिन्हें पायल एजेंसी के सौजन्य से ईनाम दिए गए। शोभायात्रा में घोड़े पर शोभित झवर को बैठने का अवसर मिला । शोभा यात्रा में राधेश्याम झवर, दीनदयाल मारू, श्यामा प्रसाद चेचानी ,पवन पोरवाल, राम प्रसाद हेड़ा, भगत राम काबरा, पवन बांगड़ ,सुनील बेली, कमल मनिहार, मनोज बेली, महेंद्र झवर , चांदमल मुंदड़ा , राम प्रकाश काबरा दीपू झंवर बालमुकुंद तोषनिवाल रमेश कुमार मारु सहित महिला पुरुष बालक बालिकाओं ने शोभायात्रा में उत्साह से भाग लिया तथा मैं भगवान की जय से गुजायमान कर दिया । महेश जयंती महोत्सव पर प्रातः का समाज का स्नेहभोज माहेश्वरी पंचायत भवन में एवं सायंकाल रामद्वारा में महेश भगवान की महाप्रसादी का आयोजन हुआ । माहेश्वरी पंचायत भवन में सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें माहेश्वरी समाज के वयोवृद्ध महिला नजर देवी मुंदड़ा व पुरुष रामेश्वर प्रसाद झवर का विशेष सम्मान किया गया । अन्य सम्मानित होने वालो में सुरेश मुंदड़ा ,उत्सव सोमानी, बालकिशन मालू, 50 वर्ष से दंपति जिनके तीन या उससे अधिक संतान वाले 7 जोड़ों का तथा नौ सीए, एक इंजीनियर, एक एमबीए भी शामिल थे ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वार्ड 61 में श्रीनाथ ग्रुप ने पार्षद डाड के सानिध्य में किया पौधारोपण



द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वार्ड 61 में श्रीनाथ ग्रुप द्वारा सैक्टर -2 में पार्षद शांतिलाल डाड के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। श्रीनाथ ग्रुप के सभी सदस्यों को 2-2 गमले वितरित किए गए व सभी सदस्यों द्वारा पौधों की रखरखाव व देखभाल की शपथ ली गई है। इस अवसर पर श्रीनाथ ग्रुप के सदस्य रमेश बिरला, मनोज कुमार महेश्वरी, गोपाल सोमानी, नारायण तोषनीवाल, मुकेश अग्रवाल, नरेश पलोड सुभाष शैट्टी, दिलीप काष्ठ, गोपाल डाड आदि उपस्थित थे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का हुआ आगाज़, हरनी महादेव मंदिर प्रांगण में विविध आयोजन




द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत जल बचाने और जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु शुरू किए गए ÷वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान÷ का भव्य आगाज़ बुधवार को हुआ, जिसके तहत आयोजनों की श्रृंखला की शुरुआत हरनी महादेव मंदिर प्रांगण में की गई। इस कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी श्रीमती प्रतिभा देवठिया, राजीविका की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत जल स्रोत की पूजा-अर्चना एवं सरोवर पूजन से की गई, जिसके पश्चात श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली गई। ग्रामीण महिलाएं, युवतियां एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद दीपदान, पौधरोपण, तथा जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। हर दिशा में जल संरक्षण का संदेश गूंजा। कार्यक्रम के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई ।

# स्वस्ति धाम चोरी प्रकरण के खुलासे में योगदान पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम का सम्मान

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



**जहाजपुर।** स्वस्ति धाम मंदिर में गत माह हुई बहुचर्चित चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करवाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम का बुधवार को स्वस्ति धाम परिसर में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर स्वस्ति भूषण माताजी ने विधायक गौतम को खुले मन से आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी प्रयासों की सराहना की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से महामंत्री ज्ञानचंद जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने विधायक गौतम का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

गौरतलब है कि 22 मई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने स्वस्ति धाम मंदिर में प्रवेश कर भगवान सुब्रतनाथ की प्रतिमा के पीछे स्थित लगभग 1 किलो 300 ग्राम वजनी स्वर्ण निर्मित आभामंडल, अष्टधातु निर्मित कछुआ एवं अन्य पूजनीय सामग्री चोरी कर ली थी।

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक शत्रुघ्न गौतम स्वयं स्वस्ति धाम पहुंचे और स्वस्ति भूषण माताजी से विस्तृत जानकारी लेकर इस गंभीर घटना की सूचना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दी। मुख्यमंत्री ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन को त्वरित और कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप पुलिस ने मात्र पांच दिनों में ही इस संगठित चोरी का पर्दाफाश करते हुए मंदिर में ही लंबे समय से कार्यरत पारस चैनल के एक कैमरामैन व उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर पूरी चोरी की गई सामग्री बरामद कर ली।

विधायक गौतम की तत्परता से प्रभावित होकर स्वस्ति भूषण माताजी भावुक हो उठीं और विधायक को स्नेहाशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य धनेश जैन, सुरेंद्र जोशी सहित अन्य कई गणमान्यजन उपस्थित थे ।

# यूआईटी ने विभिन्न आवासीय योजनाओं में भूखण्ड़ों के आवेदन को लेकर जारी किया स्पष्टीकरण




द मूवमेंट ऑफ इंडिया

**भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास ने विभिन्न आवासीय योजनाओं में विभिन्न आय वर्ग के भूखण्डों की प्रस्तावित लॉटरी के सम्बन्ध में शंका समाधान के लिये निम्न स्पष्टीकरण जारी किया है। सचिव नगर विकास न्यास ने बताया कि आय वर्ग एमआईजी-ए. एमआईजी-बी एवं एचआईजी के लिये इनकम टैक्स रिटर्न आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इनकम टैक्स रिटर्न आवेदन के साथ संलग्न नहीं किये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा एवं पंजीकरण राशि जप्त कर ली जायेगी। इनकम टैक्स रिटर्न पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 या वित्तीय वर्ष 2024-25 संलग्न किया जा सकता है। इसी तरह आय वर्ग एमआईजी-ए. एमआईजी-बी एवं एचआईजी वर्ग में भूखण्ड आवंटन की पात्रता के लिये आय वर्ग का निर्धारण केवल एक आवेदक की आय से ही किया जायेगा। इसमें किसी भी श्रेणी (आरक्षित/अनारक्षित) में परिवार की आय को सम्मिलित नहीं किया जायेगा। परिवार की आय को संलग्न कर उस आय वर्ग में पात्रता पाने का प्रयास किये जाने पर आवेदन प्रारम्भिक स्तर पर ही निरस्त किया जायेगा एवं पंजीकरण राशि जप्त कर ली जायेगी। तथा आय वर्ग ईडब्लयुएस एवं एलआईजी के लिये परिवार की आय का विवरण आवेदन पत्र में देना अनिवार्य है। इस वर्ग के लिये आय प्रमाण पत्र के साथ आय उद्घोषणा पत्र भरा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदक को केवल अपने आय वर्ग में ही आवेदन करने की अनुमति है। आवेदक को अन्य आय वर्ग के चयन की अनुमति नहीं है। अन्य आय वर्ग का चयन करने पर आवेदन प्रारम्भिक स्तर पर ही निरस्त किया जायेगा एवं पंजीकरण राशि जप्त कर ली जायेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस : जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों व कार्यालयों में हुआ पौधारोपण

द मूवमेंट ऑफ इंडिया



**भीलवाडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों सहित कार्यालय परिसरों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. सी पी गोस्वामी और आरसीएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने आरसीएचओ कार्यालय, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विभागीय अधिकारी व कार्मिकों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 सीपी गोस्वामी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाने होंगे। पौधारोपण और प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी स्टाफ और प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाकर अपने आवास के आसपास पौधारोपण करने और उनकी देखरेख करने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भी अपील की। आरसीएचओ डॉ0 संजीव शर्मा ने भी पौधारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि यह हमारे भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने सभी से पौधारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने का आग्रह किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक दयाराम दिव्य द्वारा मुद्रक वेदांत प्रभाकर, मेधा कम्प्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स, ऑफिस नं. 128, वार्ड नं. 25, नंदभवन कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं एस-20, प्रतापनगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक दयाराम दिव्य 96949 57624, 87695 58132 * PRB एक्ट के तहत ख़बरों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भीलवाड़ा होगा